भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4138

जिसका उत्तर 18 मार्च, 2020 को दिया जाना है

कोयला उत्पादन

4138. गौरव गोगोईः

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी स्वामित्व वाली कोल इंडिया आगामी वित्तीय वर्ष में 750 मिलियन टन कोयले का उत्पादन करने में सक्षम होगी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भरोसा करने के लिए कोई कारण हैं कि कोल इंडिया अगले वित्तीय वर्ष में उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो पाएगा; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) और (ख) : वित्त वर्ष 2020-21 के लिए, 710 मिलियन टन (मि.ट.) के कोयले का उत्पादन करना कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का प्रस्तावित लक्ष्य है।

(ग) और (घ): इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सीआईएल को हर संभव प्रयास करने का निदेश दिया गया है। कोयले का उत्पादन बढ़ाने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने निम्नलिखित उपाय किए हैं:

- सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों ने उच्च मशीनीकरण के साथ उच्च क्षमता वाली बड़ी खानों (क्षमता > 10 एमटीवाई) की योजना बनाई है और इन्हें कार्यान्वित किया है। सीआईएल ने वर्ष 2030 तक अतिरिक्त क्षमता विस्तार के लिए खानों/परियोजनाओं को अभिनिर्धारित किया है।
- परियोजनाओं को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए चालू परियोजनाओं की पोर्टल आधारित निगरानी।
- प्रचालन क्षमता में सुधार एवं पर्यावरणीय आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु ओपनकास्ट खानों में सतही खनिकों को लगाना। वर्ष 2018-19 के दौरान सीआईएल में लगभग 50 प्रतिशत ओपनकास्ट कोयला उत्पादन सतही खनिकों के माध्यम से हुआ था।
- भूमिगत कोयला खानों में व्यापक उत्पादन प्रौद्योगिकी का प्रयोग: 2 खानों में पावर सपोर्ट लोंगवॉल प्रौद्योगिकी से तथा 11 खानों में सतत खनिक प्रौद्योगिकी से कार्य किया जाता है।

*****